आकाशवाणी केन्द्र शिमला

27.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में जलक्रीड़ा गतिविधियों को व्यापक प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस प्रयास से हिमाचल प्रदेश देसी–विदेशी पर्यटकों की पहली पसंद बनकर उभरेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिलासपुर ज़िले में गोविंद सागर झील में इस वर्ष अक्तूबर के अंत तक पर्यटकों को क्रूज़ की सुविधा उपलब्ध करवा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सुविधा संपन्न पर्यटकों को बेहतर हवाई सेवाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बिलासपुर से मनाली व कुल्लू तक हैली टैक्सी सेवा शुरू की जाएगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि गोविंद सागर झील में ऊना ज़िला में जलक्रीड़ा गतिविधियां शुरू करने के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। इस वर्ष के अंत तक इन गतिविधियों सहित अन्य साहसिक खेलों को शुरू करने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा ज़िला के पौंग बांध में भी साहसिक खेल गतिविधियां शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि राज्य सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे अनेक प्रयासों से इस वर्ष करीब 2 करोड़ पयर्टकों के आने की उम्मीद है।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज नई दिल्ली में भारतीय रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष व मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार से भेंट की। उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारी को उत्तर रेलवे से स्वीकृति मिलने में हो रहे विलम्ब के कारण हिमाचल प्रदेश विधानसभा जंक्शन पर फ्लाईओवर तथा विक्ट्री टनल के साथ पुल के निर्माण कार्य में हो रही देरी से अवगत करवाया। विक्रमादित्य सिंह ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी से इस संबंध में शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि यह शहर के मुख्य सड़क मार्ग हैं और शिमला में यातायात को सुचारू बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पर्यटकों की बढ़ती आमद को देखते हुए भी इस दिशा में कार्य करना अति आवश्यक है। उन्होंने प्रदेश में रेलवे नेटवर्क के विस्तार, विशेषकर भानुपली–बिलासपुर रेलवे लाइन के बारे में भी चर्चा की। सतीश कुमार ने लोक निर्माण मंत्री के आग्रह पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्य आरम्भ करने और संबंधित बाधाओं का समाधान के निर्देश दिए।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी को लागू करने के लिए आदेश देने और बाद में उस पर रोक लगाने पर प्रदेश सरकार की कड़ी निंदा की है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कांग्रेस आलाकमान के दबाव में झुक गई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी पूर्व सरकार के समय से चल रही थी और इसके तहत सभी दुकानदारों का सत्यापन और पंजीकरण के लिए विभिन्न प्रकार के प्रावधान किए गए थे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि

सुक्खू सरकार जन भावना और कानून के विपरीत अपने आलाकमान के राजनीतिक मनसूबों को ध्यान में रखकर काम कर रही है और ये प्रदेश हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार से हिमाचल के हितों को प्रमुखता देने और प्रदेश का माहौल खराब करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

सद्भावना मार्च

शिमला के संजौली में अवैध मस्जिद मामले को लेकर उपजे विवाद को लेकर विभिन्न संगठनों ने आज सीटीओ चौक से लोअर बाजार होते हुए रिज पर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा तक शान्ति सद्भावना मार्च निकाला। सद्भावना मार्च में वामपंथी व मुस्लिम संगठनों सहित कई अन्य लोगों ने शामिल होकर शांति का संदेश दिया। इस दौरान सीपीआईएम नेता संजय चौहान ने कहा कि शिमला में लंबे समय से सभी धर्मो के लोग आपस में मिलजुल कर रहते हैं लेकिन अब विवाद को लेकर माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि सद्भावना मार्च में सभी समुदाय और संगठनों के लोग शामिल हुए हैं और लोगों से शांति की अपील की जा रही है। शांति मार्च में मुस्लिम वर्ग की ओर से शामिल हुए कुतुब मस्जिद के अध्यक्ष मोहम्मद पीरू ने कहा कि वह पिछले पच्चीस वर्षों से शिमला में रह रहे हैं और यहां पर आज तक कभी इस तरह का माहौल पैदा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन बाहर से आने वाले सभी लोगों का सत्यापन करें ताकि यहां पर माहौल खराब ना हो।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 29 सितंबर को सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए.आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा।

———————————